पेज थ्री देहरादून

जनसंपर्क के दौरान कर्नल कोठियाल।

देहरादून, शुक्रवार 11 फरवरी 2022

पेज 8



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय निषाद पार्टी ने उत्तराखण्ड में कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय निषाद पार्टी ने उत्तराखण्ड में कांग्रेस प्रत्याशियों को समर्थन देने की घोषणा करते हुए कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं मीडिया सलाहकार सुरेन्द्र कुमार एवं किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुशील राठी को अपना समर्थन पत्र सौंपा। जिसमें निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश चौतन्य यादव ने उत्तराखण्ड में कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों की घोषणा के साथ–साथ उनके लिए चुनाव प्रचार में पूर्ण सहयोग व सहायता करने का आश्वासन देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीब, निर्धन, बेसहारा, पिछड़े सभी की लडाई लडती है।

### एसएसजेवीएन ने लाभ में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

**संवाददाता** देहरादून। नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने आज बताया कि एसजेवीएन ने वर्तमान वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान 232.67 करोड़ रुपए का कर पश्चात लाभ (पीएटी) दर्ज किया है, जो गत वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। कंपनी की बोर्ड बैठक के पश्चात संबोधित करते हुए, शर्मा ने कहा कि तीसरी तिमाही के दौरान, एसजेवीएन ने परिचालन से 550.92 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है।

### ट्विंकल अरोड़ा बने कांग्रेस के प्रदेश सचिव

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माननीय अध्यक्ष गणेश गोदियाल के द्वारा प्रदेश सचिव पद पर ट्विंकल अरोड़ा को मनोनीत किया गया। ट्विंकल अरोड़ा ने कहा कि वे बहुत आभारी हैं शीर्ष नेतृत्व के जिन्होंने उनको इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है और वे शीर्ष नेतृत्व को यकीन दिलाना चाहते हैं कि वह अपनी इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि माहौल चुनाव का है और प्रदेश में एक बार फिर जनता कांग्रेस को चुनने वाली है ऐसे में उनके लिए यह जिम्मेदारी बहुत बड़ी हो जाती है।

### एयरटेल ने लॉन्च किया एक्सस्ट्रीम प्रीमियम

**संवाददाता** देहरादून। भारत के प्रमुख कम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर, भारती एयरटेल ने अपने डिजिटल मनोरंजन प्लेटफॉर्म – एयरटेल एक्सस्ट्रीम प्रीमियम प्लेटफॉर्म के लॉन्च के साथ भारत में वीडियो ओटीटी इकोसिस्टम को उपभोक्ताओं के लिए और अधिक विकल्प देकर, उसे लोकतांत्रिक बनाने और विकसित करने की दिशा में एक बड़ी छलांग लगाई है। मीडिया पार्टनर्स एशिया के अनुसार, 2025 तक, भारत का ओटीटी सब्सक्रिप्शन बाजार मौजूदा 500 मिलियन से बढ़कर 2 बिलियन हो जाने की उम्मीद है।

# विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें: ईरानी

**चुनावी प्रचार**

■ भाजपा की फायरब्रांड नेता स्मृति ईरानी ने पिथौरागढ़ व भीमताल में कांग्रेस पर जमकर बोला हमला

**संवाददाता**

देहरादून/भीमताल। उत्तराखंड के कुमाऊं में पिछले दो हफ्तों से सभी दलों के स्टार प्रचारकों का तांता लगा है। बर्फबारी के बीच इस दौरान सियासी पारा चढ़ा हुआ है। वातावरण में ठंडक तो है पर धुंआधार चुनावी प्रचार की गर्मी भी है। गुरुवार को कुमाऊं दौरे पर भाजपा की फायरब्रांड नेता स्मृति ईरान रहीं। उन्होंने पिथौरागढ़ व भीमताल में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। भीमताल में उन्होंने कांग्रेस पर केदारनाथ धाम के विकास में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया।

ईरानी ने भीमताल विधान सभा 57 में भाजपा प्रत्याशी राम सिंह कैड़ा के समर्थन में धारी के पोखराड़ खेत पहाड़पानी मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। कहा कि राम का नाम लेकर राम के लिए वोट मांग रहे हैं, यह अच्छा संयोग है। कहा कि राम के लिए वोट मांगने के लिए स्वयं गोविंद (पूर्व मंत्री गोविंद बिष्ट) आए हैं। भाजपा सरकार ने केदारनाथ में आपदा के बाद जो वहां कार्य किए उसकी पूरी दुनिया ने तारीफ की। जब कि आपदा के दौरान कांग्रेस सरकार ने नरेन्द्र मोदी जो उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री थे उनसे किसी भी प्रकार की मदद लेने से मना कर दिया था और ना ही स्वयं कार्य किए। बाद में नरेन्द्र मोदी सरकार ने ही करोड़ों की लागत के कार्य करा कर केदारनाथ मंदिर में कार्य करवाया। अपने बीस मिनट के भाषण में स्मृति ईरानी ने जहां भाजपा को विकास और सर्व धर्म की पार्टी बताया वहीं बताया कि कांग्रेस एक विशेष वर्ग के लिए विश्वविद्यालय बनाने की बात करती है जब कि भाजपा सरकार ने पांच पांच सभी लोंगों के लिए विश्वविद्यालयों का निर्माण किया।



इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने भाजपा के द्वारा कोविड काल के दौरान किए गये कार्य, पूरे देश में कराए जा रहे कार्य,कोविड के दौरान जनता को वितरित किये गये निशुल्क राशन,और एक रिकार्ड समय में देश की पूरी जनता को कराए गये वैक्सीनेशन की बात कही। वहीं अंत भाषण का करते हुए कहा कि घर में लक्ष्मी झाड़ू लगाते हुए नहीं आती है जब कि लक्ष्मी कमल में बैठकर आती है। इसलिए सब मतदाताओं को अपने विकास के लिए अपनी समृद्धि को बढ़ाने के लिए कमल यानि भाजपा के पक्ष में मतदान करना चाहिए। चुनावी सभा का संचालन दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा और सुमित नदगली ने किया।

इस दौरान भाजपा प्रत्याशी राम सिंह कैड़ा, पूर्व कबीना मंत्री गोविंद बिष्ट, ब्लाक प्रमुख कमलेश कैड़ा, मुकेश बोरा, ब्लाक प्रमुख धारी आशा रानी, दीपक दानी, प्रदीप पाठक, नितिन राणा, शिवदत्त सुयाल, देवेन्द्र ढैला,दीपू असगोला आदि मौजूद थे।

### बीजेपी–कांग्रेस ने उड़ाई आदर्श आचार संहिता की धज्जियां

देहरादून। आम आदमी पार्टी के कैंटविधानसभा प्रत्याशी रविन्द्र सिंह आनंद ने आरोप लगाया कि बीजेपी कांग्रेस ने कैंट विधानसभा में उड़ाई आदर्श आचार संहिता की धज्जियां देहरादून कैंट विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में बीजेपी कांग्रेस द्वारा सरकारी पोलो सरकारी संपत्तियों एवं रोडों के आरपार बैनर पोस्टर बैनर लगाए गए, झंडे लगाए गए, होर्डिंग लगाए गए, जो कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

रविन्द्र आनंद ने कहा कि आम आदमी पार्टी आदर्श आचार संहिता का पूरा ध्यान रखते हुए काम कर रही है। लेकिन बीजेपी और कांग्रेस ने अपना बाहुबल दिखाते हुए कानून आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई हैं। इससे यह पता लगता है कि उनके जो उम्मीदवार हैं वह किस प्रकार की राजनीति करते हैं। कैंट विधानसभा में अगर आप नजर डालेंगे तो विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशी सविता कपूर और कांग्रेस प्रत्याशी सूर्यकांत धस्माना के बैनर जो कि सड़क के आर पार लगे हैं साथ ही उनके झंडे सरकारी संपत्तियों पर लगे हैं जो कि यह साबित करते हैं कि इनके लिए आदर्श आचार संहिता कोई मायने नहीं रखती।

# हम इन विरोधी पार्टियों की तरह नहीं

**बैठक**

■ बसपा सुप्रीमो मायावती ने हरिद्वार में कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भरा जोश

**संवाददाता**

देहरादून/हरिद्वार। बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करने रुड़की पहुंची बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि हम विरोधी पार्टियों की तरह नहीं हैं। केवल बसपा एक ऐसी पार्टी है जो चंद धन्ना सेठों की रहमों करम से नहीं, बल्कि अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर चुनाव लड़ती है। उत्तराखंड में चल रहे 2022 के विधानसभा




चुनाव को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती का यह हरिद्वार में पहला दौरा है।

गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी की ओर से प्रदेश स्तरीय चुनावी जनसभा रुड़की वध्धि ाानसभा के कोर कालेज ग्राउंड में आयोजित की गई। जनसभा में उत्तराखंड प्रदेश एवं जिला स्तर के सभी पदाधिकारी और हरिद्वार जिले की 11 विधानसभाओं पर चुनाव लड़ रहे हैं प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। यहां उत्प्तर प्रदेश की पूर्व मुख्य्मंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जोश भरने का कार्य किया। मायावती ने कहा कि ये विरोधी राजनीतिक पार्टियां सत्ता में आती रही हैं। अधिकतर मामलों में अपनी नीतियां जनता के समाज सुधार में इस्तेमाल करने के बजाए चंद पूंजीपतियों और धन्ना सेठों को फायदा पहुंचाने के तैयार करती हैं। हम इन विरोधी पार्टियों की तरह नहीं है। केवल बसपा एक ऐसी पार्टी है जो इन चंद धन्ना सेठों की के रहमों करम से नहीं, बल्कि अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर चुनाव लड़ती है।

हरिद्वार से सभी विधानसभा पर चुनाव लड़ रहे बसपा प्रत्याशियों की ओर इशारा करते हुए मायावती ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांशीराम और अंबेडकर साहब की भावनाओं को ध्यान में रखकर बसपा के प्रत्याशियों को जितान है। जिससे कांशीराम और बाबा साहब का सपना पूरा हो सके।

### भाजपा के नेताओं के हाथ से निकल चुका समयः कुमार

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं मीडिया सलाहकार सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा सहित कितने भी केन्द्रीय नेता उत्तराखण्ड का दौरा कर लें परन्तु जनता के मन को बदलने का समय उनके हाथ से निकल चुका है क्योंकि केन्द्र की भाजपा सरकार ने पिछले पांच साल में राज्य की घोर उपेक्षा की है यह बात उच्च न्यायालय ने भी अपने पर्यवेक्षण में कही है। प्रधानमंत्री जी ग्रीन बोनस, 400 के लगभग आपदा प्रभावित गांवों का विस्थापन, सीमान्त क्षेत्रों के गांवों के विकास के लिए धन तथा पिछडे क्षेत्रों के लिए धन देने में पूरी तरह असफल रहे हैं। डिजिटल इण्डिया का प्रथम चरण भी राज्य में पूरा नहीं हो पाया है। राज्य की जनता अब भाजपा के झांसे में आने वाली नहीं है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।